





# 150 कैरेट हीरे का मामला पहुंचा पुलिस थाने

## पार्टनरों पर हड़पने का आरोप

नवभारत न्यूज

**पन्ना,18 सितम्बर। रत्नगर्भा नगरी पन्ना मे एक ऐसा अजीब गरीब मामला प्रकाश मे आया है जिसमें अब तक सबसे बडा हीरा जिसका वजन 150 कैरेट बताया गया है कि जिसकी अनुमानित कीमत करोड़ों रूपये है जिसको पार्टनरों द्वारा हड़पने की शिकायत थाना कोतवाली पन्ना मे की गई है।**






दिये गये शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि जयवहादुर सिंह पिता बलवीर सिंह निवासी इटमा गोरहाई थाना तहसील राम नगर जिला मैहर का निवासी हू मैं हीरा कार्यालय से हीरा खनन हेतु पटटा लिया था जिसका पुस्तक क्रमांक 45 पटटा क्रमांक 0062 खसरा नं0 102/1 दिनांक 13 फरवरी 2025 को जारी हुआ था जिसमें कृष्णा कल्याणपुर पटी में खदान चालू किया था जिसमें मेरे साथ पार्टनर के रुप में किशोर खोडें निवासी इन्दौर, नरेन्द्र कुमार सेन निवासी विलखुरा जिला पन्ना, दयाराम पटेल निवासी विलखुरा, महेन्द्र सिंह गौड़ ग्राम मठली, प्रकाश पटेल ग्राम विलखुरा उक्त सभी लोगो के साथ मिलकर खादान का काम कर रहा था दिनांक 05 सितंबर 2025 को मेरे खदान में हीरा प्राप्त हुआ। जिसका अनुमानित बजन 150 कैरेट के लगभग दयाराम द्वारा बताया गया तथा मेरे एक पार्टनर किशोर खोड़े निवासी इन्दौर वालो के मो0 में फोटो भेजा अन्य पार्टनरों को नही दिखाया बोला जब इन्दौर वाले और रामनगर वाले आ जायेगे तब दिखांउगा किशोर द्वारा मुझको फोनपे जानकारी दी गई खदान में हीरा मिला है।

दयाराम पटेल के पास रखा है इसको सभी पार्टनरों के साथ हीरा कार्ययाल जा कर जमा करा दीजिये में 06 सितंबर को दयाराम पटेल के पास गया और बोला कि चलो जो हीरा मिला है उस को हीरा कार्यालय में जमा करा देते है लेकिन दयाराम के मन में खोट आ गया और वह अपनी बात से पलट गया कि कोई हीरा नही मिला जबकि दयाराम द्वारा भेजी गई फोटो साथ में संल्गन कर रहा हूँ । जिस पर अविलंब कार्यवाही करते हुये न्याय दिलाया जाये।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जब उपरोक्त मामले में थाना कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा से चर्चा की गई तो उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि शिकायत आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी विधिवत जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# महिला की किस्मत चमकी

## एक साथ मिले 8 हीरे, बनी लखपति

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितम्बर। अपनी बेशकीमती हीरों के लिए मशहूर मध्यप्रदेश का पन्ना जिला एक बार फिर चर्चा में है। यहां की रत्नगर्भा धरती ने एक महिला को एक ही दिन में आठ हीरे देकर लखपति बना दिया है।**





यह चमत्कार बुधवार 17 सितंबर को हुआ। बडगड़ी गांव की निवासी रचना गोलदार ने हजारा मुड्डा इलाके में अपनी उथली खदान लगाई थी। नियम अनुसार उन्होंने हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाया था। जब उन्होंने अपनी खदान से मिट्टी की जांच की तो उन्हें एक साथ आठ हीरे मिले। रचना गोलदार के कुल 3 बच्चे हैं। इनमें एक लडकी और 2 लडके हैं। दोनों लडके बाहर प्राइवेट जॉब करते हैं। लडकी की शादी हो गई है। पति भी हीरा खदान का ही काम करते हैं। महिला ने बताया कि हीरे की नीलामी से मिलने वाले पैसों से वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारेगी और आगे भी हीरे की खदान लगाएगी। हीरा अधिकारी रवि पटेल के अनुसार ये सभी हीरे जेम क्वालिटी के हैं, जिनका वजन क्रमशः 0.58, 0.16, 0.40, 0.14, 0.46, 0.23, 0.79 और 0.34 सेंट है। जिनका कुल वजन 3.10 कैरेट है। इन हीरों की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद है।

रचना गोलदार ने बुधवार शाम को ही ये सभी हीरे पन्ना के कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में जमा करा दिए। इन हीरों को आगामी नीलामी में रखा जाएगा।

नीलामी में मिली रकम में से सरकार की रॉयल्टी काटने के बाद, बाकी की राशि रचना को सौंप दी जाएगी। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले पटी हीरा खदान से एक आदिवासी महिला को भी तीन हीरे मिले थे। पन्ना की धरती एक बार फिर अपनी कृपा बरसा रही है और लोगों को रातोंरात अमीर बना रही है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



पन्ना 18 सितंबर। छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी की संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर के विद्यावन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने यह प्रतिज्ञा भी की लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देंगे तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ पियूषा शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे केवल हरियाली का प्रतीक नहीं बल्कि जीवन और पर्यावरण संतुलन का आधार है इनकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।



# दक्षिण वन क्षेत्र में तेंदुआ जोड़े की मेटिंग का दुर्लभ दृश्य कैमरे में कैद

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितम्बर। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र शाहनगर की बीट उमरिया में नर और मादा तेंदुआ मेटिंग (प्रजनन व्यवहार) करते हुए दिखाई दिए। यहाँ विकसित हरियाली और सुरक्षित वातावरण अब वन्यजीवों के लिए आकर्षक आवास का रूप ले चुका है।**

वीडियो में तेंदुआ ोड़ी सड़क किनारे वृक्षारोपण क्षेत्र की पत्थर खखरी पर प्रजनन करते और फिर झाड़ियों की ओर बढ़ते हुए साफ़ दिखाई देती है। तेंदुआ सामान्यतः अकेले रहना पसंद करता है, और शर्मीले स्वभाव के कारण दिन में कम नजर आते हैं। ऐसे में नर और मादा तेंदुए का एक साथ प्रजनन करते हुए दिखना दुर्लभ घटना है। यह दर्शाता है कि इस क्षेत्र में पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित है और तेंदुओं की संख्या को बनाए रखने हेतु प्राकृतिक प्रजनन चक्र सक्रिय है।

# दोहरे हत्याकांड के पत्नी एवं पुत्र को पति ने दी मुखाग्नि

## भारी संख्या मे लोग रहे शामिल, पुलिस बल रहा मौजूद

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 18 सितंबर। कल अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 13 राहुनिया में बीती रात अज्ञात लोगों के द्वारा दोहरा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था जिसमें सोनू कुशवाह और उसका 6 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या कर दी गई थी जिस पर नगर में काफी बवाल हुआ उच्च पुलिस अधिकारियों ने आकर कमान संभाली और स्थित को नियंत्रण में किया मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक सोनू कुशवाहा का पति पंजाब में रहकर मजदूरी करता है।**



आज सुबह रामनारायण कुशवाहा मृतक का पति अजयगढ़ पहुंचा और उसने अपनी पत्नी सोनू कुशवाहा को मुख अग्नि दी एवं पुत्र 6 वर्षीय वालक को दफनाया गया चिता के बगल से ही दोनों का अंतिम संस्कार अगल-बगल किया गया अंतिम संस्कार में काफी गमगीन माहौल रहा यह सारा काम पुलिस ने अपनी मौजूदगी में करवाया नगर निरीक्षक बखत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उपरोक्त मामले एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है पूछताछ की जा रही है।

मृतिका के पति ने दी पत्नी को मुखाग्नि, पुत्र को दफनाया गया:- अजयगढ कल अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 13 राहुनिया में बीती रात अज्ञात लोगों के द्वारा दोहरा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था जिसमें सोनू कुशवाह और उसका 6 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या कर दी गई थी जिस पर नगर में काफी बवाल हुआ उच्च पुलिस अधिकारियों ने आकर कमान संभाली और स्थित को नियंत्रण में किया मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के उपरांत मृतिका सोनू कुशवाहा का पति पंजाब में रहकर मजदूरी करता है आज सुबह रामनारायण कुशवाहा मृतक का पति अजयगढ़ पहुंचा मां और पुत्र की जब अर्थी उठी वहां पर उपस्थित भीड़ में सभी के आंसू निकल आए और माहौल अत्यंत गमगीन हो गया और रामनारायण कुशवाहा ने अपनी पत्नी सोनू कुशवाहा को मुख अग्नि दी एवं पुत्र 6 वर्षीय वालक को दफनाया गया चिता के बगल से ही दोनों का अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में काफी गमगीन माहौलों ईई रहा यह सारा काम पुलिस ने अपनी मौजूदगी में करवाया नगर निरीक्षक बखत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे अंतिम गीत संस्कार में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्क्रीनिंग शिविरों में होगी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितंबर। बच्चों में दिव्यांगता की पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर 15 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे।**

चिन्हित बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं और परिचय-पत्र मुहैया कराए जाएंगे। मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। नव चिन्हित दिव्यांग बच्चों को 30 नवंबर तक यूडीआईडी नंबर जारी करने तथा शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभाग सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजाति कल्याण, लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, आयुष, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग शिविरों के आयोजन में भूमिका निभाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 पंचायत का तथा शहरी क्षेत्रों में 5 से 6 वार्डों का एक क्लस्टर बनाकर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को तथा शहरी क्षेत्र में भी नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# शाहनगर व रैपुरा में स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान आयोजित

## समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितंबर। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत सेवा पर्व के अवसर पर दिनांक 18 सितम्बर को विभिन्न स्थानों पर पर्यावरणीय एवं सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शाहनगर परिक्षेत्र के ग्राम वन समिति महेबा बोरी और गजदा द्वारा खेरे पठेरे हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में विशेष अभियान चलाया गया।**





इस अवसर पर मंदिर परिसर की साफ़-सफाई कर प्लास्टिक की पन्नियाँ एवं थैलियाँ एकत्र कर कचरा पात्र में डाली गईं, साथ ही फलदार वृक्षों का रोपण कर पौधों को लोहे की जालियों से सुरक्षित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गजदा के सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव रामहेत पटेल, ग्राम वन समिति अध्यक्ष महेवा श्री भूरा बंजारा, समिति के सदस्य, स्थानीय ग्रामवासी, परिक्षेत्र सहायक बोरी श्रीनिवास पांडेय तथा बीटगार्ड बोरी/गजदा प्रेम नारायण वर्मा उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाहनगर परिक्षेत्र के ही शासकीय प्राथमिक शाला देईधार में बीटगार्ड उमरिया श्री आशीष पाण्डेय द्वारा बच्चों को कॉपी, पहाड़े एवं पेन वितरित किए गए। उन्होंने बच्चों को सेवा पर्व का महत्व समझाते हुए पढ़ाई में मन लगाकर जीवन में सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रैपुरा परिक्षेत्र में वनरक्षक रजनीश चौरसिया के नेतृत्व में ग्राम वन समिति लालपुरा के सहयोग से विंध्यवासिनी देवी मंदिर एवं हनुमान जी चबूतरे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, हरियाली एवं सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

### शा प्रा. शाला नयागांव करही की बाउंड्री वॉल में लिखी अभद्र टिप्पणी



पवई 18 सितम्बर। पवई थाना के ग्राम करही के शासकीय प्राथमिक शाला नयागांव में गुरुवार को उस समय अफरा तफरी एवं तनाव का माहौल बन गया,जब सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय की बाउंड्री वाल पर भगवान श्री राम के लिए अभद्र शब्द लिखे देखें। देखते ही देखते पूरा गांव एकत्रित हो गया और इसकी जानकारी थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी को दी गई। थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइस दी गई,कि जिस किसी शरारती तत्व ने यह शरारत की है उसे बक्शा नहीं जाएगा,साथ ही बाउंड्री वॉल पर लिखे शब्दों को कलर से पुतवाया गया और ग्रामीणों की रिपोर्ट पर अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि सात दिवस में यह कृत करने वाले शरारती तत्व पकड़े नहीं जाते हैं तो आंदोलन किया जाएगा।

# गांव-गांव गैलन व ड्रमों मे बिक रहा पेट्रोल-डीजल

## जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितंबर। शहर में पेट्रोल पंपो में खुलेआम गैलन, ड्रमों तथा बोतलों मे पेट्रोल व डीजल बिक रहा है। साथ ही गांव में ड्रमों एवं बड़ी गैलनों के माध्यम से पहुंचाया जाता है। जहां पर तेल मे मिलावट कर मनमाने दामों में बेंचा जाता है। इसके बावजूद जिला से लेकर प्रखंड तक के जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।**

जांच पड़ताल नही होने से बिक्री करने वालो के हौसले बुलंद हैं। इस तरह बोतलो और केन में पेट्रोल भरकर बेचे जाने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

**नियमों को ताक पर रखकर पेट्रोल बेच रहेः-** नियमानुसार बिना वाहन के बोतल और केन मे पेट्रोल भरकर ले जाना वा उसकी बिक्री करना अवैध है।

पंप संचालकों को बोतल में पेट्रोल नहीं देना है। हां, अगर कोई ज्यादा मजबूरी है या वाहन बंद हो गया तो, दिया जा सकता है.

लेकिन यहां पेट्रोल पंपों पर तैनात सेल्समैंन नियमो को ताक पर रखकर पेट्रोल बेच रहे हैं। ऐसा करना कालाबाजारी की श्रेणी में आता है।

### अधिक दाम में बेचा जा रहा पेट्रोल

पेट्रोल पंप बद होने से दुकानदारों द्वारा खुले आम अवैध रूप से अधिक दामों में पेट्रोल बेचा जा रहा है। पन्ना जिले में एवं ग्रामीण थाना क्षेत्र से चंद कदम दूरी पर पेट्रोल पंपों में ड्रमों में पेट्रोल बेचा गया। पेट्रोल पंपों से पेट्रोल की कालाबाजारी किए जाने की सूचना के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। अधिकारी इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिलने की बात कहते हुए जांच करने की बात कह रहे हैं दुर्घटना की संभावना खुले में बोतल व डिब्बा में रखकर पेट्रोल बेचने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। सरेआम सड़क पर खुले में पेट्रोल रख बेचे जाने के बाद भी प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है।

# युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे पन्ना, हुआ स्वागत





नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना पहुंचे और उन्होंने जन संघ व भाजपा में काम करने वाले व संगठन में विभिन्न दायित्व निभाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर पहुंच कर अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत किया।**

श्री पटेरिया ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी का अवसर है जिसमें अटल जी के समय काम करने वाले कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद लेने के लिए मैं उनके घर तक जा रहा हूं। श्री पटेरिया ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने जन संघ व भाजपा में संगठन के विभिन्न दायित्व को समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन की निष्काम भाव से सेवा की है उन्हें सम्मान मिलना चाहिए मैं उनका सम्मान करते हुए आशीर्वाद ले रहा हूं। अब तक मैंने मध्य प्रदेश के लगभग 30 जिलो का प्रवास पूर्ण कर लिया है शेष जिलों में पहुंच रहा हूं, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को करने की प्रेरणा मुझे दीनदयाल उपाध्याय व अटल जी की जीवनी को पढ़ने से मिली संगठन को मजबूत करने के लिए में सतत रूप से कम कर रहा हूं। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पांच सौ पचास हेक्टेयर में विकसित होगा नगर वन

## पौधरोपण कर विधायक एवं सांसद ने की औपचारिक शुरूआत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 18 सितंबर। आज दिनांक 18 सितंबर को भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उत्तर पन्ना वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र विश्रामगंज के स्मृति वन क्षेत्र में स्वीकृत नगर वन का सेवा पर्व के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद खजुराहो, विष्णुदत्त शर्मा एवं बृजेंद्र प्रताप सिंह, विधायक पन्ना द्वारा पौधारोपण किया जाकर नगर वन के विकास कार्य का शुभारंभ किया गया।**






उक्त कार्यक्रम मे उत्तर वन मंडल के डीएफओ गर्वित गंगवार ने बताया कि इसी माह 10 सितंबर को नगर वन विकसित करने हेतु एक करोड़ 82 लाख स्वीकृत हुये हैं। जिसमें 50 हेक्टेयर वन भूमि को नगर वन के रूप मे विकसित किया जायेगा जिसमें बाहरी पर्यटकों को प्राकृतिक स्थान उपलब्ध कराना, साईकिलिंग, पर्यटकों के घूमने के लिए सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। पक्षी दर्शन सहित बॉटनीकल गार्डन को भी विकसित किया जायेगा। जिसमें कॉलेज के छात्र भी यहां अध्ययन कर सकेंगे। यहां पर 30 से अधिक बांस की प्रजातियां रहेंगी और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जायेगा और बताया जायेगा कि किस प्रजाति का क्या उपयोग होगा। कार्यक्रम मे विधायक पन्ना ने नगर वन स्थापना को एक सराहनीय कार्य बताया और इसके लिए उन्होंने वन विभाग से अपील की है कि पन्ना का विकास पर्यटन क्षेत्र मे ही हो सकता है ऐसा विकास किया जाये कि यहां पर देशी एवं विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बढ़े। क्षेत्रीय सांसद व्हीडी शर्मा ने कहा कि मोदी जी के जन्म दिन को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जा रहा है और आज यह कार्यक्रम खुशी के तहत आयोजित किया गया जो सराहनीय है साथ ही उन्होंने बताया कि डीएफओ उत्तर वन मंडल ने बताया कि इस नगर वन मे 27 नक्षत्र और 12 राशियों के पौधे भी लगाये जाएंगे। साथ ही द्वारा नगर वन के विकास कार्य हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मीना राजे परमार, नगर जिला कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू, उपसंचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मोहित सूद, उत्तर वन मंडल अधिकारी गर्वित गंगवार, उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी, उपवन मंडल अधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना अजय बाजपेयी, वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया एवं समस्त वन एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण और मीडिया पत्रकार बंधु एवं जिला पन्ना के गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे आगंतुकों के लिए आभार प्रदर्शन एसडीओ विश्रामगंज अंशुल तिवारी आईएफएस ने किया।